कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल, अनूपपुर (म०प्र०)

E-mail : dfotanppur@mp.gov.in; Ph. No. (07659) 222038

क्रमांक / मा0 चि0 / 2020 / 1732 अनूपपुर, दिनांक 9/12/2020

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक,
वनवृत्त शहडोल (म०प्र०)।

विषयः— अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकास खण्ड के अंतर्गत बोदा से लखौरा मार्ग लम्बाई 12 कि. मी. के वनक्षेत्र में स्थित मार्ग उन्नयन एवं पुल / पुलियों के निर्माण हेतु अनुमति प्रदाय बावत्। **Proposal No. :** FP/MP/ROAD/26648/2017)

संदर्भः— कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर म0प्र0 का पत्र क्रमांक/ 462 दिनांक 15 / 06 / 2020.

--o0o--

उपरोक्त विषयांकित संदर्भ में निवेदन है कि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर म0प्र0 द्वारा वन मण्डल अनूपपुर के परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम अंतर्गत बोदा से लखौरा मार्ग निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :—

1— मार्ग निर्माण में 7.35 हे. वन परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 153, आर.एफ. 154, पी.एफ. 132, पी.एफ. 164 की वनभूमि प्रभावित हो रही है जिस हेतु आवेदक द्वारा ग्राम सरई के खसरा क्रमांक 104 रकवा 12.646 हे. के अंशभाग 7.35 हे. उपलब्ध कराई गई है। जिस हेतु वनीकरण योजना प्रस्ताव में संलग्न है।

2— आवेदक संस्थान द्वारा आवश्यक पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 6000/— रु. जमा की जा चुकी है।

3— प्रभावित होने वाली वनभूमि साल एवं मिश्रित वन है, जिसकी स्थल गुणवत्ता IVA एवं IVB है एवं घनत्व 0.6 का है।

4— आवेदक संस्थान द्वारा न्यूनतम वनभूमि प्रभावित होने बावत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5— आवेदक संस्थान द्वारा नेट प्रजेंट वैल्यु की राशि जमा करने बावत् वचन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

6— आवेदक संस्थान द्वारा वनभूमि पर कोई अवैध कार्य नहीं किया गया है।

7— प्रस्तावित मार्ग निर्माण में विभिन्न प्रजातियों के 658 नग वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं।

8— आवेदक संस्थान द्वारा भविष्य में कोई अन्य शर्त निर्धारित किए जाने पर मान्य किए जाने हेतु वचन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9— वन मण्डल अधिकारी का स्थल निरीक्षण एवं अनुशंसा प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।

अतः प्रस्ताव अनुशंसा सहित आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार प्रस्ताव 04 प्रति में।

(अधर गुप्ता)
(आई.एफ.एस.)
वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर

पृ. क्रमांक / मा0 चि0 / 2020 / 1733 अनूपपुर, दिनांक 9/12/2020

प्रतिलिपि :—

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर